## कार्यालय-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, टीकमगढ (म.प्र.)

## //निविदा आमंत्रण सूचना//

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला न्यायालय टीकमगढ के कार्यालय न्यायालयों के उपयोग हेतु विभिन्न कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग की सामग्री निविदा दस्तावेज में उल्लेखित नियमों एवं शर्तों के अंतर्गत कय किये जाने हेतु अनुभवी प्रतिष्ठित सेवा प्रदाताओं से निविदायें आमंत्रित की जाना है।

उक्त निविदा संबंधी विस्तृत दस्तावेज एवं निविदा की नियम एवं शर्तें माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की वेबसाइट www.mphc.gov.in एवं जिला न्यायालय टीकमगढ की वेबसाइट https://tikamgarh.dcourts.gov.in/ #tender पर उपलब्ध है।

**समय सारणी**

| सरल कमांक | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन की तिथि | 09-02-2026 |
| 02 | निविदा की अंतिम तिथि एवं समय | 23-02-2026 सायं 5 बजे |
| 03 | निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | 25-02-2026 सायं 4 बजे |
| 04 | निविदा शुल्क | 100/- |
| 05 | सुरक्षा निधि (एक मुश्त) | 3000/- |

**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,**
**टीकमगढ (म.प्र.)**

# कार्यालय - प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश टीकमगढ (म.प्र.)

## //निविदा सूचना//

जिला न्यायालय टीकमगढ में कार्यालय उपयोग हेतु विभिन्न कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग की सामग्री को क्रय किये जाने हेतु दर प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन, निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| S No. | Establishment Name | Item Required | Brand name | Quantity |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tikamgarh | external USB CD/DVD RW Writer | H P or Any other reputed brand | 01 |
| | | Computer Tool Kit | Bosch or Any other reputed brand | 01 |
| | | Hammer Drill Machine 26MM | Bosch or Any other reputed brand | 01 |
| | | Air Blower(650W Motor) | Bosch or Any other reputed brand | 01 |
| | | 6 Amper Power Cable For Printer/Monitor | 1.5 meter Copper wire cable From reputed brand | 30 |
| | | 1.5 Meetar USB Type A To B Printer Connection Cable | Any reputed brand | 30 |
| | | 01 TB USB Ssd | Samsung/ sandisk or Any other reputed brand | 04 |
| | | HDMI Cable 10 meter | Honeywell or Any other reputed brand | 30 |
| 2 | Jatara | external USB CD/DVD RW Writer | H P or Any other reputed brand | 01 |
| | | Computer Tool Kit | Bosch or Any other reputed brand | 01 |
| | | Air Blower (650W Motor) | Bosch or Any other reputed brand | 01 |
| 3 | Niwari | external USB CD/DVD RW Writer | H P or Any other reputed brand | 01 |
| | | Computer Tool Kit | Bosch or Any other reputed brand | 01 |
| | | Air Blower (650W Motor) | Bosch or Any other reputed brand | 01 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | Orchha | external USB CD/DVD RW Writer | H P or Any other reputed brand | 01 |
| | | Computer Tool Kit | Bosch or Any other Preputed brand | 01 |
| | | Air Blower (650W Motor) | Bosch or Any other reputed brand | 01 |
| | | | | |

**Note:-** Specification of items attacthed with tender document.

01. निविदा प्रपत्र ऑफलाईन जिला न्यायालय टीकमगढ पर नजारत अनुभाग में जमा किए जायेंगे ।
02. निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है ।
03. मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर की वेबसाईट www.mphc.gov.in एवं जिला न्यायालय टीकमगढ की वेबसाईट http://tikamgarh.dcourts.gov.in/#tenders से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है ।

**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**टीकमगढ (म.प्र.)**

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

नाम एवं पताः-

**कार्यालय-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, टीकमगढ (म.प्र.)**

**//निविदा शर्तें//**

01. निविदाकार के प्रतिष्ठान का पंजीयन होना अनिवार्य है। निविदाकर्ता को प्रतिष्ठान का पंजीयन क्रमांक, दुकान स्थापना अधिनियम के तहत प्रमाण-पत्र, विगत 01 वर्ष का आयकर, जीएसटी पंजीयन क्रमांक अंकित करने के साथ-साथ वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) अदायगी का अभिप्रमाणित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

02. इस निविदा आमंत्रण के अधीन प्रस्तुत प्रस्ताव दो-निविदा प्रणाली के अनुसार प्रस्तुत किये जावेंगे।

(अ) प्रथम भाग में तकनीकी निविदा होगी। निविदा से संबंधित दस्तावेज ऑफलाईन जमा किया जाना अनिवार्य है।

(ब) द्वितीय भाग में व्यवसायिक / वित्तीय निविदा फार्म होगा जिसमें दर + GST% प्रति नग दर (कर सहित) में संबंधित दस्तावेज ऑफलाईन जमा किया जाना अनिवार्य है, जिसे निम्नानुसार प्रोफार्मा में ऑनलाईन प्रस्तुत करेंगे:-

| S.No. | Name of Items (Make & Model) | Quantity | Unit/Rate including all taxes, etc (RS.) |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |

03. कोई भी निविदा बिना कारण बताये पूर्णतः अथवा अंशतः स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रधान जिला न्यायाधीश, टीकमगढ, को होगा।

04. यदि फर्म निर्धारित अवधि में कम्प्यूटर एवं अन्य उपकरण सप्लाई नहीं कर पाता है तो तथा प्रदायावधि में विस्तार के लिए अनुरोध भी नहीं करती है, तो बिना कारण बताये सक्षम अधिकारी द्वारा क्रयादेश निरस्त किया जा सकता है फर्म द्वारा जमा पूर्व में जारी क्रयादेशों के तहत प्राप्त सुरक्षा निधि राजसात की जावेगी।

05. चूँकि यह निविदा वर्ष 2025-26 में अनुमानित संख्या के अनुसार दर निर्धारण हेतु है अतः यह आवश्यक नहीं होगा कि सफल निविदाकार को संपूर्ण सामग्री के क्रयादेश जारी किये जायेंगे। आवश्यकतानुसार सामग्री की संख्या में से आंशिक सामग्री के क्रयादेश जारी होने पर भी निविदाकार को सामग्री का प्रदाय करना अनिवार्य होगा।

06. फर्म को अपने कोटेशन में प्रत्येक कम्प्यूटर हार्डवेयर हेतु ब्रांड/मॉडल एवं वारंटी का स्पष्ट उल्लेख किया जावें।

07. कय आदेश जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर फर्म को जिला न्यायालय टीकमगढ, झाँसी रोड, टीकमगढ़, म.प्र. में सप्लाई किये जाकर उक्त के देयक की हार्डकॉपी मय सील एवं साइन के दो प्रतियों में प्रदाय किया जावें।

08. उक्त सूची अनुसार समस्त हार्डवेयर कार्यालय में प्राप्त होने के 15 दिवस के पश्चात ही देयक का

भुगतान किया जावेगा, किंतु आहरण एवं भुगतान प्रक्रिया में शासकीय व्यवधानों के कारण विलम्ब भी हो सकता है। विलम्ब के लिए पृथक से अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा।

09. निविदाकर्ता को उपरोक्त अंकित संपूर्ण सामग्री के लिए निविदा करना अनिवार्य है, सीमित सामग्री के लिए की गई ई-निविदा अमान्य है।

10. सप्लाई किये गये हार्डवेयर में से किसी भी सामान में खराबी अथवा शिकायत होने पर उसे संबंधित फर्म द्वारा समस्या का तत्काल निराकरण करेंगे।

11. नियत दिनांक एवं समय के पश्चात निविदा प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जायेगा।
12. आदेशानुसार सामग्री न्यायालय तक पहुँचाये जाने का समस्त दायित्व निविदाकार का होगा।

13. निविदाकर्ताओं को निविदा दस्तावेज में मांगी गयी समस्त जानकारी स्पष्ट रूप से भरा जाना एवं निविदा दस्तावेज में किसी प्रकार की कांट-छांठ मान्य नहीं होगी। निविदा एवं निविदा के साथ संलग्न सभी दस्तावेजों में निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील होना आवश्यक है।

14. निविदा से संबंधित शर्त एवं प्रदाय किये जाने वाले सामान की सूची उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर की वेबसाईट www.mphc.gov.in एवं जिला न्यायालय टीकमगढ की वेबसाइट है। https://tikamgarh.dcourts.gov.in/#tenders डाउनलोड की जा सकती है ।

15. शासन द्वारा लागू जीएसटी की दरें अधिक या कम होने पर विचारणीय होगा एवं समस्त सामग्री की दरें समस्त करों सहित दी जाये।

16. निविदाओं द्वारा सामग्री की जो भी दरें दी जायेगी, वह अनुबंध अवधि तक यथावत रहेगी निविदाकारों द्वारा किसी भी वस्तु की दर बढ़ाने हेतु किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

17. प्रत्येक निविदाकर्ता का एक प्रस्ताव प्रस्तुत करने का अधिकार होगा जिसे वे व्यक्तिगत रूप से अथवा किसी संयुक्त फर्म के प्रतिनिधि के रूप में प्रस्तुत कर सकते है। एक पक्षकार द्वारा एक से अधिक प्रस्ताव करने पर विचार नहीं किया जावेगा।

18. अन्य नियम एवं शर्ते जिनका उल्लेख ऊपर नहीं किया गया है, मध्यप्रदेश शासन के वित्तीय नियमों के प्रावधानों के अनुसार होंगी। किसी भी विवाद के निपटारे या नियमों के निर्वचन का अधिकार, प्रधान जिला न्यायाधीश टीकमगढ का निर्णय अंतिम होगा एवं यह दोनों पक्षों को मान्य होगा।

19. निविदा प्रस्तुत करते समय निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी हेतु जिला न्यायालय टीकमगढ जूनियर सिस्टम एनालिस्ट जिला न्यायालय टीकमगढ के मोबाईल नंबर 8962341176 पर संपर्क किया जा सकता है।

**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**टीकमगढ (म.प्र.)**

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

नाम एवं पताः-